भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2233

गुरुवार, दिनांक 04 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने हेतु

सौर ऊर्जा परियोजनाएं

2233. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्लेः

श्री बी॰ वाई॰ राघवेन्द्रः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक राज्य में चालू सौर ऊर्जा परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) सौर ऊर्जा परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी के संबंध में सरकार की वर्तमान नीति क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त उद्देश्य के लिए कर्नाटक राज्य को आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई निधि की जिला-वार राशि क्या है;

(घ) क्या सरकार ने कुछ नवाचारों और बिजली उत्पादन के लिए कर्नाटक राज्य में कुछ इलाकों या सौर क्षेत्रों की पहचान की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री आर. के. सिंह)

(क) कर्नाटक राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उनकी सौर नीति के अंतर्गत निर्धारित किए गए वर्ष 2021 तक 6,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 5864 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाएं चरणबद्ध ढंग से आवंटित की गई हैं जिसमें से 4445 मेगावाट क्षमता चालू की गई है जिसमें सौर रूफटॉप परियोजनाओं की 183.32 मेगावाट क्षमता शामिल नहीं है।

(ख) सौर विद्युत परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया, अन्य पक्ष विक्रय, कैप्टिव परियोजनाओं, समूह कैप्टिव परियोजनाओं और निजी सौर पार्कों के माध्यम से है।

(ग) सरकार ने कर्नाटक को सौर पार्कों की स्थापना और व्यवहार्यता अंतराल निधिकरण (वीजीएफ) योजना के लिए अवसंरचनात्मक कार्यों के विकास के लिए अभी तक 270.28 करोड़ रु. स्वीकृत और जारी किए हैं। जारी की गई धनराशि के वर्ष-वार ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

| वर्ष | धनराशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| 2015-16 | 100.00 |
| 2016-17 | 79.80 |
| 2017-18 | 40.00 |
| 2018-19 | 50.48 |

(घ) और (ङ): कर्नाटक में गडग और बीदर जिलों को इंटर-स्टेट पारेषण योजनाओं (आईएसटीएस) के अंतर्गत कनेक्टिविटी के लिए सौर संभाव्यता वाले क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया गया है।

*****